CBSE Class 12 Hindi Core 2017 - Set 2/1/1

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

Section क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत का हृदय गाँवों में बसता है। यहीं पर सेवा और परिश्रम के अवतार किसान रहते हैं, जो हम सब के अन्नदाता और सम्पूर्ण सृष्टि के पालक हैं। किसान का नाम आते ही हमारी आँखों के सामने एक ऐसे असहाय और दयनीय व्यक्ति की छबि घूमने लगती है जिसकी आँखों में निराशा का अँधेरा दिखाई देता है किन्तु होता है वह परिश्रमी एवं स्वाभिमानी व्यक्तित्व का धनी व्यक्ति। उसकी दुरवस्था के लिए वह खुद भी जिम्मेदार है जिसके अनेक कारण हैं। अशिक्षा के कारण वह न तो अपने अधिकारों की ओर जागरूक है और न वर्तमान तकनीकी विकास की ओर ही उसका ध्यान जा पाता है। परिणामतः उसकी पैदावार प्रभावित होती है और उसे अपने उत्पादन का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता। अत्यन्त अल्पमूल्य में वह अपना बहुमूल्य परिश्रम साहूकार अथवा सरकार के हाथ सौंप देता है और वह सदैव फटेहाल ही रह जाता है।

इसके साथ-साथ किसानों के किसी संगठन का अभाव भी उसके विकास में सबसे बड़ा बाधक है। वह अपने खून-पसीने की गाढ़ी कमाई को आपसी झगड़े-झंझट की बलि चढ़ा देता है। दादा की पुश्तैनी रंजिश पोते तक और उससे आगे तक चलती रहती है। फलतः कोर्ट-कचहरी उसके परिश्रम को खा जाती हैं। इन सबके साथ-साथ सरकारी योजनाओं के केन्द्र प्रायः नगर ही रहते हैं। जहाँ से किसान का कोसों दूर तक कोई सम्बन्ध नहीं रहता। फलतः कुछ मुट्ठी भर लोग ही उसका लाभ उठाते रहते हैं और वह दीन-हीन किसान अपनी दुरवस्था पर आँसू बहाता रहता है। इन सबके अतिरिक्त अंधविश्वासी परम्परावादी होना भी उसके लिए अभिशाप होता है।

पूँजी का अभाव किसान की सनातन समस्या है। बीज, खाद, उपकरण खरीदने की क्षमता प्रायः उसके पास नहीं होती और वह या तो साहूकार की ओर मुँह करता है या बैंकों की ओर। फँसता वह दोनों ओर है। यदि किन्हीं प्राकृतिक या मानवी कारणों से फसल मारी गई तो ऋण-वसूली में न साहूकार दया करता है, न बैंक। उसका आधार नहीं रहता, उसके पैरों तले की ज़मीन खिसक जाती है और उबरने का कोई रास्ता न देखकर वह आत्महत्या करने को विवश हो जाता है। 'ग्रामदेवता', 'अन्नदाता' जैसे विशेषण उसकी हँसी उड़ाते हैं।

1(क). अशिक्षित होने से किसान को क्या-क्या हानियाँ होती दिखाई पड़ती हैं?

1(ख). किसान के मार्ग की दो कठिनाइयों का विवेचन कीजिए।

1(ग). पुश्तैनी रंजिश का क्या तात्पर्य है? इसका दुष्परिणाम लिखिए।

1(घ). 'किसान की सनातन समस्या' क्या मानी गई है और क्यों?

1(ङ). "फँसता वह दोनों ओर है।" कैसे? समझाइए।

1(च). किसानों के द्वारा आत्महत्या का मुख्य कारण क्या होता है? उससे छुटकारा आपके विचार से कैसे संभव है?

1(छ). गद्यांश से दो मुहावरे चुनकर उनका प्रयोग अपने वाक्यों में कीजिए।

1(ज). गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पग-पग पर चौराहे मिलते हैं,

बाँहें फैलाए रोज़ मिलती हैं सौ राहें,

शाखा-प्रशाखाएँ निकलती रहती हैं,

नव-नवीन रूप-दृश्य वाले सौ-सौ विषय

रोज-रोज मिलते हैं .....

और, मैं सोच रहा हूँ कि

जीवन में आज के

लेखक की कठिनाई यह नहीं कि

कमी है विषयों की

वरन् यह है कि आधिक्य उनका ही

उसको सताता है,

और, वह ठीक चुनाव नहीं कर पाता है।

2(क). कैसे कह सकते हैं कि यह काव्यांश किसी भी लेखक की समस्या से संबंधित है?

2(ख). समस्या की विकरालता को कवि ने किस रूप में देखा है?

2(ग). शाखाएँ-प्रशाखाएँ से कवि का क्या आशय है?

2(घ). "पग-पग चौराहे मिलते हैं बाँहें फैलाए" का भाव स्पष्ट कीजिए

2(ङ). लेखक विषय का चुनाव ठीक से क्यों नहीं कर पाता?

Section ख

3(क). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : खेल और युवा

3(ख). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : हिंदी-भारत का भविष्य

3(ग). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : विज्ञान और समाज

3(घ). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : स्त्री शिक्षा और सामाजिक चेतना

4. अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण होने वाली असुविधाओं और बिजली चोरी की हो रही घटनाओं की सूचना देते हुए विद्युत विभाग के वितरण प्रबंधक को पत्र लिखिए और सुझाव भी दीजिए।

OR

4. आपके निकट के चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सा अधीक्षक को एक पत्र लिखिए तथा उसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए दो सुझाव भी दीजिए।

5(क). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'वाचडॉग पत्रकारिता' से क्या आशय है?

5(ख). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'फ़ोन इन' क्या है?

5(ग). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : संपादक का मुख्य कार्य क्या है?

5(घ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'इंट्रो' किसे कहते हैं?

5(ङ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'प्रिंट मीडिया' के कोई दो लाभ लिखिए।

6. 'बढ़ती आबादी एवं घटती जनसुविधाएँ' विषय पर एक आलेख लिखिए।

OR

6. 'स्वच्छ भारत मिशन' विषय पर एक आलेख लिखिए।

7. 'जल ही जीवन है' विषय पर एक फ़ीचर लिखिए।

OR

7. 'मेरा देश मेरा कर्त्तव्य' विषय पर एक फ़ीचर लिखिए।

Section ग

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

रुद्ध कोष है, क्षुब्ध तोष

अंगना-अंग से लिपटे भी

आतंक-अंक पर काँप रहे हैं।

धनी, वज्र-गर्जन से बादल!

त्रस्त नयन-मुख ढाँप रहे हैं।

जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर

तुझे बुलाता कृषक अधीर।

ऐ विप्लव के वीर!

8(क). काव्यांश में शोषकों की किस दशा का वर्णन किया गया है और कैसे?

8(ख). किसानों की स्थिति कैसी और क्यों है?

8(ग). बादलों को विप्लव के वीर क्यों कहा गया है?

8(घ). भाव स्पष्ट कीजिए : "अंगना-अंग से लिपटे भी आतंक-अंक पर काँप रहे हैं।"

OR

8. जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास

पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास

जब वे दौड़ते हैं बेसुध

छतों को भी नरम बनाते हुए

दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए

जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं

डाल की तरह लचीले वेग से अकसर

छतों के खतरनाक किनारों तक

उस समय गिरने से बचाता है उन्हें

सिर्फ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत

पतंगों की धड़कती ऊँचाइयाँ उन्हें थाम लेती हैं

महज एक धागे के सहारे।

OR

8(क). 'छतों को भी नरम बनाने' का क्या अर्थ है?

OR

8(ख). 'कपास' शब्द किसका प्रतीक है? उसे जन्म से ही साथ लाना क्या संकेतित कर रहा है?

OR

8(ग). दिशाओं को मृदंगों की तरह बजाने से कवि का क्या आशय है?

OR

8(घ). छतों के किनारों से गिरने से उन्हें कौन बचाता है?

9. निम्नलिखित काव्यांश पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आँगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी,

हाथों पे झुलाती है उसे गोद भरी।

रह-रह के हवा में जो लोका देती है

गूँज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हँसी।।

9(क). काव्यांश का भाव-सौंदर्य लिखिए।

9(ख). काव्यांश की अलंकार योजना पर प्रकाश डालिए।

9(ग). भाषागत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

10(क). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'छोटा मेरा खेत' कविता में कवि के और किसान के कार्य में समानता किस प्रकार प्रदर्शित की गई है?

10(ख). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'आत्मपरिचय' कविता में "मैं और, और जग और कहाँ का नाता" से कवि की किस मनोदशा का उल्लेख किया गया है?

10(ग). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'उषा' कविता में गाँव की सुबह का गतिशील शब्दचित्र कैसे है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

उस बल को नाम जो दो; पर निश्चय ही वह उस तल की वस्तु नहीं है जहाँ पर संसारी वैभव फलता-फूलता है। वह कुछ अपर जाति का तत्त्व है। लोग स्पिरिचुअल कहते हैं; आत्मिक, धार्मिक, नैतिक कहते हैं। मुझे योग्यता नहीं कि मैं उन शब्दों के अन्तर देखूँ और प्रतिपादन करूँ। मुझे शब्द से सरोकार नहीं। मैं विद्वान नहीं कि शब्दों पर अटकूँ। लेकिन इतना तो है कि तृष्णा है, बटोर रखने की स्पृहा है, वहाँ उस बल का बीज नहीं है। बल्कि यदि उसी बल को सच्चा बल मानकर बात की जाय तो कहना होगा कि संचय की तृष्णा और वैभव की चाह में व्यक्ति की निर्बलता ही प्रमाणित होती है। निर्बल ही धन की ओर झुकता है। वह अबलता है। वह मनुष्य पर धन की और चेतन पर जड़ की विजय है।

11(क). गद्यांश में किस बल की बात की गई है? उस बल की विशेषता लिखिए।

11(ख). व्यक्ति की निर्बलता कब और कैसे प्रमाणित होती है?

11(ग). 'अपर जाति का तत्त्व' किसे कहा है और क्यों?

11(घ). आशय स्पष्ट कीजिए : 'वह मनुष्य पर धन की और चेतन पर जड़ की विजय है।'

12(क). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : इंदर सेना से क्या तात्पर्य है? उसे मेंढक मंडली क्यों कहा गया है?

12(ख). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : भक्तिन के स्वभाव की ऐसी तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जिनके कारण उसने लेखिका को अपने अनुसार ढाल लिया।

12(ग). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : उन संघर्षों का उल्लेख कीजिए जिनसे टकराते-टकराते चार्ली चैप्लिन के व्यक्तित्व में निखार आता चला गया।

12(घ). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 'नमक' कहानी में क्या संदेश छिपा हुआ है? अपने शब्दों में लिखिए।

12(ङ). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : हृदय की कोमलता को बचाने के लिए व्यवहार की कठोरता भी कभी-कभी बहुत आवश्यक हो जाती है। 'शिरीष' पाठ के आधार पर समझाइए।

13. नवयुवकों के लिए विशेष उपयोगी जीवन-मूल्यों की दृष्टि से 'जूझ' कहानी की विवेचना कीजिए।

14(क). 'आधुनिकता' के प्रति यशोधर पंत और उसकी पत्नी के दृष्टिकोण का अंतर सोदाहरण समझाइए।

14(ख). महायुद्ध की विभीषिका के संदर्भ में ऐन फ्रेंक की डायरी को जीवंत दस्तावेज़ क्यों माना जाता है?

- End of Question Paper -